LifeLabs®

चिकित्सा प्रयोगशाला सेवाएं

मल के नमूने एकत्र करने
सूक्ष्म जीव-विज्ञान के लिए

रोगी के लिए निर्देश

(निर्देश अन्य भाषाओं में उपलब्ध हैं। www.lifelabs.com देखें)

आपको नीचे बताए गए में से एक या ज़्यादा डिब्बियाँ दी गई हैं:

मल कल्चर परिवहन माध्यम, कैरी ब्लेयर (गुलाबी तरल)

फिक्सेटिव SAF, ओवा और पैरासाइट्स के लिए मल परिवहन माध्यम (साफ़ तरल)

साफ शीशी (कोई तरल नहीं)

तरल को फेंकें नहीं।

प्रदान की गई सभी डिब्बियों को भरें।



1 अगर ज़रूरत हो तो टॉयलट में पेशाब करें।



2 टॉयलट की सीट को उठाएं। प्लास्टिक आवरण की शीट्स (जैसे कि Saran Wrap™) को टॉयलट के कटोरे पर रखें, मध्य में से थोड़ा झुका हुआ छोड़ दें। टॉयलेट सीट को नीचे रखें। प्लास्टिक के आवरण पर मल त्याग करें।

3 वैकल्पिक रूप से, कोई साफ़ कटोरी या जीवाणुहीन मलपात्र इस्तेमाल करें। पेशाब या पानी को मल के स्पर्श में न आने दें।

4 ढक्कन से जुड़े चम्मच का इस्तेमाल करते हुए, मल के खून से भरे या पतले/सफेद (श्लेष्मा) क्षेत्रों को (यदि मौजूद हों) डिब्बी में रखें। डिब्बी(डिब्बियों) को ज़रूरत से ज़्यादा न भरें।



5 तरल वाली डिब्बी(डिब्बियों) में: मल के 2-3 चम्मच डालें जब तक तरल "भरने की रेखा" तक न पहुँच जाए। ढक्कन (ढक्कनों) को कसें। खाली साफ़ डिब्बी में (यदि दी गई हो): मल को "भरने की रेखा" तक भरें और ढक्कन को कस दें।

6 सामग्री को मिलाने के लिए तरल वाली डिब्बी(डिब्बियों) को हिलाएँ।

7 हाथों को साबुन और पानी से धो लें। प्रत्येक डिब्बी पर नाम, जन्म तारीख या स्वास्थ्य कार्ड नंबर और नमूना लेने की तारीख और समय लिखें। डिब्बी(डिब्बियों) को प्लास्टिक के बैग (बैगों) में रखें।

8 नमूना लेने के 24 घंटे के अंदर डिब्बी(डिब्बियों) को प्रयोगशाला में वापिस लाएं। देरी करने से परीक्षण के परिणाम प्रभावित हो सकते हैं। जब तक नमूनों को प्रयोगशाला में नहीं लाया जा सकता है, उन्हें निम्नलिखित अनुसार भंडारित करें:

- कल्चर (गुलाबी तरल) - फ्रिज में रखें
- SAF (साफ़ तरल) – कमरे के तापमान पर
- साफ़ (कोई तरल नहीं) - फ्रिज में रखें